लुटेरी निकली दुल्हन, 24 घंटे में दगा देकर फरार

अविवाहित युवाओं के साथ विवाह के नाम पर हो रही धोखाधड़ी

नवभारत न्यूज

आनंदपुर 20 जुलाई, इन दिनों अविवाहित लड़कों की तादाद बढ़ती जा रही है जिनको देखकर उनके माता-पिताओं को उनकी बहुत अधिक चिंता होने लगी है और यही वह चिंता है जिससे परेशान होकर वह फर्जी विवाह मंडली के झांसे में फंस जाते हैं और बिना सोचे समझे जो फर्जी विवाह मंडली कहती है वह उसकी हर डिमांड को पूरा कर देते हैं और उनकी जितनी भी राशि डिमांड होती है उसको देकर एक एग्रीमेंट के तहत यह विवाह हो जाता है. जिसमें लड़की का नाम से लेकर

समस्त दस्तावेज फर्जी होते है. विवाह होने के कुछ दिन पश्चात ही दुल्हन सारे पैसे, ज्वेलरी लेकर घर से फरार हो जाती है.

ठीक इसी प्रकार का एक मामला जो आनंदपुर थाने अंतर्गत आने वाले गांव सुमेरपुर जिसमें रहने वाले फरियादी जितेन्द्र रजक पिता रामभरोसा रजक उम्र 26 साल नि.ग्राम सुमेरपुर थाना आनंदपुर ने दिनांक 17.07.2025 को आनंदपुर थाने में उपस्थित होकर अपनी आप बीती को रिपोर्ट के माध्यम आनंदपुर थाने में दर्ज कराई कि फरियादी के दूर के रिश्तेदार ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश रजक के माध्यम से भुवनेश्वर उड़ीसा की रहने वाली पूजा शर्मा से बातचीत कर पूजा नाहक असल नाम दुर्गीमनी मरंडी नाम की महिला से 1,19,000 रूपये लेकर सिरोंज में फर्जी नाम से स्टाम्प पर कूट रचित दस्तावेज तैयार कराकर देवपुर मंदिर मे वरमाला पहनाकर फर्जी नाम की महिला पूजा नाहक जिसका असली नाम दुर्गीमनी मरंडी नि. जिला मयुरभंज उडीसा के साथ धोखाधडी कर फर्जी शादी कराई व फरियादी के 1,19,000 रूपये हड़प लिये फरियादी की रिपोर्ट पर थाना आनंदपुर मे अप.क्र 102/25 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2),3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया. थाना आनंदपुर पुलिस द्वारा उक्त रिपोर्ट पर वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन मे त्वरित कार्यवाही शुरू कर दी. कार्यवाही 24 घंटे में ही आरोपिया पूजा नाहक असल नाम दुर्गीमनी मरंडी को एवं उसके सहयोगी ओमप्रकाश रजक नि. बनियाढाना थाना पथरिया जिला विदिशा जो फरियादी के साथ धोखाधडी कर फर्जी शादी कराकर रूपये हड़पकर भागने की फिराक मे थे.उक्त दोनो आरोपियों को भगवंतपुर के पास से गिरफ्तार किया गया व दोनो आरोपियो से उनके हिस्से मे आयी राशी को प्रथक-प्रथक जप्त की गई. प्रकरण मे अन्य आरोपिया पूजा शर्मा नि. भुवनेश्वर उडीसा फरार है.

गंजबासौदा में फर्जी स्वास्थ्य अधिकारी और पत्रकार बनकर वसूली करने का मामला

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 20 जुलाई, गंजबासौदा में कुछ डॉक्टरों ने तहसीलदार एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी शिखा भलावी को एक लिखित आवेदन दिया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि संदीप शास्त्री नामक व्यक्ति ने कई ग्रामीण जगह पर क्लीनिको पर अपने आप को पत्रकार और स्वास्थ्य अधिकारी बताकर अवैध वसूली की है. डॉक्टरों ने बताया कि इस तरह की घटनाएं न केवल उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करती हैं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लोगों के विश्वास को भी कम करती है.

सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग

डॉक्टरों ने सरकार से मांग की है कि ऐसे नकली लोगों के प्रति सख्त कदम उठाए जाएं और डॉक्टरों का कहना है कि अगर इन पर सही दस्तावेज होते तो यह अपनी दुकान बेखोफ चला सकते है.नकली पत्रकार और स्वास्थ्य अधिकारी बनकर अवैध वसूली करने वाले लोगों के प्रति सख्ती की जरूरत है. इससे न केवल सही पत्रकारों और स्वास्थ्य अधिकारियों की छवि धूमिल होने से बचाई जा सकती है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लोगों का विश्वास भी बढ़ाया जा सकता है. डॉक्टरों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि इस मामले में तुरंत कार्रवाई की जाए और आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए.

फर्जी स्वास्थ्य अधिकारी और पत्रकार

संदीप शास्त्री ने खुद को स्वास्थ्य अधिकारी और पत्रकार बताकर क्लीनिक पर अवैध वसूली की कोशिश की. डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि इस तरह की घटनाएं न केवल उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करती हैं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लोगों के विश्वास को भी कम करती है.

एक नजर में

चातुर्मास कामदा एकादशी आज

नवभारत न्यूज

विदिशा, धर्माधिकारी गिरधर गोविन्द प्रसाद शास्त्री के आचार्यत्व में श्री विष्णुलोक बैकुण्ठधाम श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर में श्रावण कृष्ण पक्ष चातुर्मास कामदा एकादशी 21 जुलाई सोमवार को गोधूलि बेला में मनोकामना दीपदान के साथ श्री विष्णु सहस्त्रनाम स्त्रोत द्वारा तुलसी पत्रों से भगवान श्री लक्ष्मीनारायण जी की पूजन आरती श्रद्धा भक्ति पूर्वक सम्पन्न होगी.अक्षय अनन्त पुण्यफल प्राप्ति हेतु श्रद्धालु भक्तों द्वारा मनोकामना दीपदान के साथ, हरीघास एवं गुड खिलाकर गौसेवा करके पितरों का आशीर्वाद प्राप्त किया जावेगा.

रघुवीर बने संभागीय महासचिव

नवभारत न्यूज

सिरोंज, रघुवीर प्रजापति को भोपाल संभाग ओबीसी महासभा का महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया. इस मौके पर लोगों ने उन्हें बधाई दी. जिसमें लोकेंद्र मीना, नीरज यादव, बब्लू विश्वकर्मा, शैलेंद्र रजक, कासिम, सोनू मालवीय, प्रदीप, सुनील यादव, रवि यादव, देवेंद्र विश्वकर्मा, शिवराज सूर्यवंशी, सुनील आदि शामिल है.

योग साधकों ने लगाये पौधे

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, सिटी सेंटर योग कक्षा के योग साधकों द्वारा अन्नपूर्णा मैरिज गार्डन में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव के मुख्य अतिथि में पौधरोपण का कार्यक्रम संपन्न किया. जिसमें योग गुरु जगदीश यादव,सुनीता भावसार के साथ ही योग साधक श्रीमती सीमा, शर्मा रेखा ,श्रीवास्तव, राजेंद्र व्यास, प्रवीण शर्मा ,देवेंद्र वर्मा ,हरि किशोर ,श्रीवास्तव कृष्ण अग्रवाल मोहन ,भावसार राजेश नेमा, हरिराम ,साहू राजकुमारी राजकुमारी साहब रजनी अग्रवाल करुणा अग्रवाल निशा व्यास आर पी शर्मा राजकुमारी पदमा भावसार सविता कुशवाहा सृष्टि यादव दोडा.जिज्ञासु सनी भावसार पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष डा.रागिनी वर्मा रोहिणी बक्शी आदि उपस्थित रहे.

रुद्राभिषेक एवं भजन संध्या का आयोजन आज

नवभारत न्यूज

विदिशा, द्वितीय सोमवार को बाबा बेस नगर के राजा के दरबार में रुद्राभिषेक एवं भजन संध्या का आयोजन होगा.पवित्र श्रावण मास के द्वितीय सोमवार बेस नगर स्थित श्री प्राचीन शिवगढ़ी बेस नगर के राजा साहब के दरबार में सावन के दूसरे सोमवार को होगा.

भजन संध्या, गम्मत का भव्य आयोजन जिसमें विदिशा जिले की सुप्रसिद्ध भजन गायक अपनी स्थिति देंगे.मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अरविंद भार्गव ने बताया द्वितीय सोमवार को प्रात: 7 बजे से

बाबा के रुद्राभिषेक एवं संध्या 7 बजे से भजन संध्या गम्मत का आयोजन रखा गया है जिसमें नगर की सभी भक्तों से माता बहनों से निवेदन है मंदिर पर पहुंचकर बाबा के दर्शन कर धाम धर्म लाभ अर्जित करें.

सहकारी समिति में अनियमितताओं की खबर पर भड़के प्रबंधक, पत्रकार को दी धमकी

नवभारत न्यूज

आनंदपुर, 14 जुलाई को सहकारी समिति आनंदपुर में विधायक और संयुक्त कलेक्टर प्रभारी एसडीएम लटेरी द्वारा औचक निरीक्षण में मिली अनियमितताओं की खबर लगने पर पत्रकार पर भड़के गये और धमकी देते हुये कहने लगे कि आनंदपुर लटेरी में ऐसा कोई पत्रकार नहीं है जो मेरी खबर लगा सके.

दरअसल दो दिवस पहले 14 जुलाई को जब सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा आनंदपुर में नव निर्माण कार्य आदि के कार्यक्रम शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल में हुआ था.जिसमें क्षेत्र के लिए नई सौगात देने के लिए आनंदपुर आए हुई थे.कार्यक्रम समाप्त होने के बाद विधायक और प्रशासन की टीम ने अस्पताल, सहकारिता समिति का भी निरीक्षण किया जिसमें गंभीर गड़बड़ी, लापरवाही करने वाले शासकीय कर्मचारियों को फटकार लगाई थी.जिसकी खबर नवभारत ने 16 जुलाई के अंक में प्रकाशित की थी जिस को पढ़कर समिति प्रबंधक रामेश्वर शर्मा ने नव भारत के संवाददाता को फोन लगा कर अमर्यादित भाषा प्रयोग करके धमकी दी थी.

प्रात : प्रभातफेरी, शिवार्चन व भजन संध्या का आयोजन

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, भगवान शिव की नगरी सोमनाथ गुजरात मे बासौदा से आये 175 श्रद्दालुओं की मंडली सोमनाथ 19 से 26 जुलाई में प्रात: प्रभातफेरी शिवार्चन और शाम को भजन संध्या का पुनीत कार्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है.

उपरोक्त जानकारी देते हुए अखण्ड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद के कोशाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया है कि इस धार्मिक कार्यक्रम के मुख्य आचार्य पं श्री प्रमेहानंद जी महाराज एबं मुख्य यजबान मुरली सिंह रघुवंशी सनाई को बनाया गया है. रघुवंशी समाज की धार्मिक यात्रा प्रत्येक वर्ष शिव ज्योतिर्लिंगो पर जाकर शिर्वाचन भजन कथा आदि का आयोजन करती है. इससे पूर्व अयोध्या ,काशी ,हरिद्वार और अब सोमनाथ मे आयोजन किया जा रहा है.इसमें पर्वत सिंह ,लालसाहब,बालाराम ,निर्भयसिंह ,रेवाराम,देवी सिंह ,बीर सिंह,रामरतन सिंह, रमेश रघुवंशी,गुड्डा रघुवंशी ,मुन्ना दादा ,लखन सिंह ,गोबिंद सिंह,प्रयाग सिंह ,काशीराम ,रामलाल,कमलसिंह एवं रघुवंशी समाज के 175 व्यक्ति शामिल है.

नितिशा का इंडियन नेवी में सब लेफ्टिनेंट पद पर सिलेक्शन

छठवें प्रयास में हासिल की सफलता

नवभारत न्यूज

विदिशा,शहर की प्रतिभाशाली बेटी नितिशा त्रिवेदी का भारतीय नौसेना में सब लेफ्टिनेंट के पद पर सिलेक्शन हुआ है. इस संबंध में शुक्रवार और शनिवार की रात नेवल हेड क्वार्टर डीएमपीआर से सिलेक्शन ऑर्डर जारी हो गया है.नितिशा ने नौसेना में अधिकारी के पद पर चयनित होकर अपने परिवार, शहर और मप्र का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया है.

नितिशा का यह सफर कठिनाइयों, दृढ़ संकल्प और अथक मेहनत से भरा रहा है.उन्होंने अपने छठवें प्रयास में यह सफलता हासिल की है.इसी साल 15 फरवरी 2025 को कोलकाता सर्विस सिलेक्शन बोर्ड यानी एसएसबी से भारतीय नौसेना में

रिकमेंडेशन प्राप्त किया था. इसके बाद 18 जुलाई को नेवल हेडक्वार्टर से सिलेक्शन ऑर्डर जारी हो गया है जो कि उनके आत्मविश्वास और समर्पण का प्रमाण है.गौरतलब है कि नितिशा त्रिवेदी विदिशा के पत्रकार अरुण त्रिवेदी की बेटी हैं.उनकी मां रत्ना त्रिवेदी एक ग्रहणी हैं. नितिशा की प्रारंभिक शिक्षा वात्सल्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल विदिशा से हुई है. इसके बाद उन्होंने एसएटीआई पॉलिटेक्निक कॉलेज विदिशा से कंप्यूटर साइंस ब्रांच में डिप्लोमा किया.डिप्लोमा के पश्चात उन्होंने यूआईटी आरजीपीवी से आईटी ब्रांच से बी.टेक की डिग्री पूरी की. शैक्षणिक योग्यता के साथ ही उन्होंने अपने करियर में व्यावसायिक अनुभव भी अर्जित किया. उन्होंने दो वर्षों तक पुणे स्थित हार्मन कनेक्टेड सर्विसेज में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्य किया.नितिशा न केवल शैक्षणिक और तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी रहीं, बल्कि उन्होंने राष्ट्रीय कैडेट कोर में भी सक्रिय भागीदारी निभाई.उन्होंने सी प्रमाणपत्र प्राप्त किया और भारतीय नौसेना अकादमी में आयोजित एनसीसी कैंप में भाग लेकर देश भर में बेस्ट कैडेट अवॉर्ड भी हासिल कियाप्त यह अनुभव न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला रहा, बल्कि यहीं से उन्हें सशस्त्र बल में जाने की प्रेरणा मिली.

5 बार असफल होने के बाद भी नहीं मानी हार

एनसीसी में मिले सैन्य प्रशिक्षण, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना ने नितिशा को बचपन से ही देश की सेवा के लिए प्रेरित किया. एसएसबी के पांच असफल प्रयासों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और आत्ममंथन के साथ हर बार बेहतर प्रदर्शन किया. छठवें प्रयास में उन्होंने आखिरकार सफलता प्राप्त की और भारतीय नौसेना की सेवा के लिए चयनित हुईं.नितिशा त्रिवेदी आज के युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं कि यदि लगन और मेहनत हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं.नितिशा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है. उनका यह संघर्षमय सफर यह दर्शाता है कि असफलता ही सफलता की सीढ़ी होती है. उनका सपना अब साकार हो चुका है और वे भारतीय नौसेना में अपनी सेवाएं देने को तैयार हैं.

रोड के साइड में खुदी नाली से हो रहीं दुर्घटनायें

नवभारत न्यूज

पठारी, नगर के प्रमुख मार्ग फार्म चौराहा से बस स्टैंड तक पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था.विभाग की लापरवाही के कारण यह नाली के निर्माण नहीं कराया गया जिससे सड़क का पूरा पानी स्कूल परिसर में जाता था. वारिस के पानी से परेशान होकर शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय की प्रधान अध्यापक द्वारा बिना अनुमति के पीडब्ल्यूडी की सड़क किनारे जल निकासी के लिए एक माह पहले नाली खोद कर खुलीं छोड़ दी जिसमें प्रतिदिन क्रॉसिंग में कोई ना कोई घटना घट रही है.मुख्य सड़क पर रहवासी अनिल जैन, मनीष राजपूत अरविंद , विश्वकर्मा ने बताया कि दो दिन पहले एक मोटरसाइकिल चालक साइट क्रॉसिंग करते समय नाली में जाकर गिरा बाइक पर सवार पति पत्नी बुरी तरह घायल हो गये थे.सड़क के आसपास रह रहे लोगों की मदद से त्यौदा हॉस्पिटल पहुंचाया गया था वहां से घायलों को विदिशा रेफर किया गया लोगों का कहना है जब से यह नाली खुदी है तब से आए दिन कोई ना कोई घटनाएं घटित हो रही है प्रशासन बेखबर नजर आ रहा है. वही फॉर्म चौराहा पर रहने वाले रह वासियों के घरों में खुदी हुई नाली का पानी पहुंचने से घरों में भर जाता है जिससे वह परेशान हो रहे हैं.

गंगा श्री प्ले स्कूल का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा,स्थानीय अंबेडकर चौक पर गंगा श्री प्ले स्कूल का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मुख्य अतिथ में सम्पन्न हुआ.प्ले स्कूल के संचालक सेनित भावसार और प्राचार्या प्रीति भावसार ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत व सम्मान किया.

इस अवसर पर बोलते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव ने वर्तमान समय के अनुभवों को सांझा करते हुए कहा कि हमारे परिवार एकल हो गए हैं. अधिकांशत:परिवारों में देखा जा रहा है कि नौकरी पेशा एवं आम परिवारों में अनेक कारणों से अलग रहने के कारण छोटे बच्चों में ना बोलना, बच्चों का चुप चुप रहना और मोबाइल जैसी अनेक प्रवृत्तियां बढ़ती जा रही है. इसको देखते हुए प्ले स्कूलों का महत्व बढ़ता जा रहा है. बच्चों को प्ले स्कूलों में भेजकर अनेक गलत प्रवृत्तियों से दूर रखा जा सकता हैं.इसी क्रम में एसडीओपी श्रीमती शिखा भलावी ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि बच्चों को प्ले स्कूल में भेजने से बच्चों में अनेक बदलाव आते हैं. बच्चे खेल-खेल में बहुत सी चीज सीखते हैं और उनकी रुचि की जानकारी भी मिलती है। बच्चे आपस में खेलते हैं, मिलते हैं और बातें करते हैं. जिससे उन्हें एक नए अनुभव का आभास होता है। जो आज के वातावरण को जरूरी है.इस अवसर पर बड़ी संख्या में छोटे-छोटे बच्चे अपने पेरेंट्स के साथ कार्यक्रम में पहुंचे और प्ले स्कूल में उपलब्ध नए-नए खिलौनों से खेलने का आनंद लिया.कार्यक्रम का संचालन शिवानी सुमन और प्रियंका साहू ने किया.

धूमधाम से निकली कलश यात्रा, झूमे श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा,भगवान शिव की नगरी सोमनाथ गुजरात में बासौदा से आये 175 श्रद्दालुओ की मंडली सोमनाथ 19 से 26 जुलाई मे प्रात प्रभातफेरी शिवार्चन और शाम को भजन संध्या का पुनीत कार्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है.

उपरोक्त जानकारी देते हुए अखण्ड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद के कोशाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया है कि इस धार्मिक कार्यक्रम के मुख्य आचार्य पं श्री प्रमेहानंद जी महाराज एवं मुख्य यजबान मुरली सिंह रघुवंशी सनाई को बनाया गया है रघुवंशी समाज की धार्मिक यात्रा प्रत्येक वर्ष शिव ज्योतिर्लिंगो पर जाकर शिर्वाचन भजन कथा आदि का आयोजन करती है इससे पूर्व अयोध्या ,काशी ,हरिद्वार और अब

सोमनाथ मे आयोजन किया जा रहा है इसमे मुख्य रूप से शामिल पर्बत सिंह ,लालसाहब,बालाराम ,निर्भयसिंह ,रेवाराम,देवी सिंह ,बीर सिंह,रामरतन सिंह, रमेश रघुवंशी,गुड्डा रघुवंशी ,मुन्ना दादा ,लखन सिंह ,गोबिंद सिंह,प्रयाग सिंह ,काशीराम ,रामलाल, कमलसिंह एबं रघुवंशी समाज के 175 व्यक्ति शामिल हुये.

चिंता धान की फसल पर मंडराने लगा संकट

बरसात थमते ही किसानों की बढ़ी चिंता

नवभारत न्यूज

सांची,क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जहां किसानों के चेहरे पर खुशी लौटी थी, वहीं अब अचानक मौसम के बदले मिजाज ने फिर चिंता की लकीरें गहरा दी हैं. लगातार बारिश के कारण किसानों ने तेजी से धान फसल की तैयारी शुरू कर दी थी.गड़े बनाए जा चुके थे और रोपाई का कार्य भी शुरू हो गया था, लेकिन तभी बरसात थम गई और तेज धूप ने अपनी दस्तक दे दी.

अब खेतों में नमी तेजी से खत्म हो रही है, जिससे धान की

फसल को पानी की सख्त जरूरत महसूस हो रही है. जिन किसानों के पास निजी सिंचाई साधन हैं, वे किसी तरह फसल को बचाने की कोशिश में लगे हैं.वहीं अधिकांश किसान अब भी बारिश के दोबारा लौटने की उम्मीद लगाए बैठे हैं.कुछ किसानों ने निराशा में आकर इस बार धान की फसल को टालने का फैसला कर लिया है.वहीं जिन्होंने पहले ही रोपाई कर दी है, वे अब पानी की व्यवस्था और मजदूरों की मजदूरी जैसे दोहरे संकट से जूझ रहे हैं. बाहर से बुलाए गए श्रमिकों का खर्च अब किसानों के ऊपर आर्थिक बोझ बन गया है.किसान कमलकिशोर पटेल ने बताया कि पहले तो लगातार बारिश से राहत मिली थी, हमने रोपाई शुरू कर दी, लेकिन अब पानी की भारी किल्लत है. न तो बारिश हो रही है और न ही कुओं या बोरों में पर्याप्त पानी बचा है.अगर जल्द बारिश नहीं हुई तो पूरी फसल खतरे में पड़ सकती है.किसान जीवनसिंह राजपूत का कहना है कि हर साल यही होता है, या तो बहुत ज्यादा बारिश होती है या बिल्कुल नहीं. सरकार को चाहिए कि गांवों में वैकल्पिक सिंचाई साधनों की योजना बनाए ताकि हम सिर्फ मौसम पर निर्भर न रहें.किसानों की मांग है कि प्रशासन और कृषि विभाग जल्द से जल्द राहत कार्य प्रारंभ करे और सिंचाई संसाधनों की मदद उपलब्ध कराए, ताकि धान जैसी महत्वपूर्ण फसल पर संकट के बादल न मंडराएं.

पेंशनर्स का सम्पन्न हुआ मिलन समारोह

नवभारत न्यूज

विदिशा, पेंशनर्स मिलन समारोह के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय विदिशा के मार्गदर्शन में मुख्य शाखा द्वारा पेंशनर्स मिलन समारोह व संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इस संगोष्ठी में राज्य सरकार और बैंक पेंशनर्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

पेंशनर्स को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक विनय सिंह ने कहा कि बैंक द्वारा प्रतिवर्ष भिन्न भिन्न अंतराल के दौरान जिले की विभिन्न शाखाओं में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर पेंशनर्स की समस्याओं को दूर किया जाता है.इसके अलावा उन्होंने पेंशनर्स के लिए बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी और डिजिटल बैंकिंग से संबंधित विचार साझा

किए. इसके पूर्व मैन ब्रांच के मुख्य प्रबंधक हितेंद्र सिंह भदौरिया, कलेक्ट्रेट शाखा के शाखा प्रबंधक अतिलेश सोनी, एस टी आई के शाखा प्रबंधक रवि पाठक एवं कृषि वाणिज्य शाखा से मनोज सोनी ने पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ओपी चतुर्वेदी व सभी पेंशनर्स का हार फूलों से स्वागत किया ओर शाल व श्रीफल से सम्मानित किया.इस अवसर पर पूर्व लीड बैंक मैनेजर नरेश मेघानी, डॉ ओजस्विनी जौहरी, संतोष नामदेव, श्रीमती नामदेव, नागर, अरुण कुमार सोनी, मानव संसाधन प्रबंधक अंशुल शुक्ला,नीतू मैडम, रामबाबू शर्मा,निगम आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय कार्यालय के विपिन चौबे द्वारा किया गया.